तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 18 अप्रैल 2026



04 पीएम श्री सेजेस के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण





04 12 नई सड़कों की मिली सौगात






## खबर संक्षेप

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में युवक का शव मिलने से सनसनी



**जगदलपुर।** लालबाग इलाके में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर से बरामद किया गया। मृतक की पहचान अतुल शर्मा के रूप में हुई है, जो एक रिटायर्ड फॉरेस्ट रेंजर का पुत्र है वह बीपीसीएल में कार्यरत था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अतुल शर्मा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित अपने घर में अकेले रहते थे जबकि उनके परिजन रायपुर में निवास करते हैं। घटना की सूचना मिलते ही शुक्रवार की सुबह पुलिस अधिकारी और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी लीलाधर राठौर ने बताया कि यह प्रथम दृष्टया आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। घर अंदर से बंद पाया गया और मृतक की दाहिने हाथ की कलाई की नस कटी हुई थी जिससे अत्यधिक रक्तस्त्राव के कारण उनकी मृत्यु होना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है। मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर महापौर ने जताया समर्थन



**जगदलपुर।** केंद्र सरकार के संसद में प्रस्तुत नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महापौर संजय पांडेय ने स्वागत करते लोकतांत्रिक इतिहास में महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी पहल बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार का राज्य के विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह अधिनियम न केवल राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करेगा बल्कि राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाएगा। पिछले कुछ वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए चलाई गई योजनाओं ने उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाए हैं। यह नया आरक्षण विधेयक उसी संकल्प को आगे बढ़ाने वाला सशक्त माध्यम साबित होगा जिससे समाज में महिलाओं की स्थिति और अधिक सुदृढ़ होगी। केंद्र सरकार के प्रति आभार जताते उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण अधिनियम को संसद में लाने के लिए प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञ हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इसके सफल क्रियान्वयन से देश में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिलेगी।

### एफएलएन प्रशिक्षण से होगा स्कूलों में बड़ा बदलाव

**दंतेवाड़ा।** जिले के बच्चों के जीवन के आरंभिक आठ वर्ष उनके समग्र विकास की आधारशिला माने जाते हैं। इसी महत्वपूर्ण चरण में उनकी भाषा, सोच, जिज्ञासा, संवेदनशीलता, नैतिकता, रचनात्मकता तथा तार्किक क्षमता का विकास होता है। इन पहलुओं को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप प्राथमिक स्तर पर 5 दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन डाइट दंतेवाड़ा में किया गया। जिला नोडल अधिकारी संदीप सामंत ने बताया कि यह प्रशिक्षण केवल विषय आधारित नहीं है, बल्कि शिक्षा को संस्कारों से जोड़ने का एक समग्र प्रयास है। प्रशिक्षण के दौरान योग, कला, खेल एवं नैतिक शिक्षा के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, सहानुभूति, सहयोग, आत्मविश्वास एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के विकास पर विशेष जोर दिया गया।

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक ने रचा इतिहास, 7298 लाख का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की वित्तीय सुदृढ़ता पर भरोसे की मुहर लग गई है। 31 मार्च 2026 की वित्तीय स्थिति की समीक्षा के बाद संचालक मंडल ने बैंक के प्रदर्शन को संतोषजनक और सशक्त बताया है।

संचालक मंडल की बैठक में गुरुवार को बैंक के वित्तीय वर्ष 2025-26 के कार्यों और उपलब्धियों का विश्लेषण किया गया। समीक्षा में सामने आया कि बैंक ने इस वर्ष 19748.39 लाख रुपये की सकल आय और 7298.08 लाख रुपये का सकल लाभ अर्जित किया है जो बैंक के मजबूत प्रबंधन और ग्राहकों के अटूट विश्वास को दशार्ता है। बैठक में संचालक मंडल ने बैंक की प्रगति पर संतोष जताते हुए कई दूरदर्शी और सकारात्मक निर्णय लिया। इन फैसलों का उद्देश्य बैंक की कार्यप्रणाली को अधिक मजबूत बनाना तथा ग्राहकों को आधुनिक और बेहतर सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराना है। बैंक ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए नई योजनाओं और तकनीकी नवाचारों को अपनाने का भी निर्णय लिया है। इसके साथ ही सेवा क्षेत्र के विस्तार और विशेष रूप से कृषक सदस्यों के हितों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया ताकि उन्हें सरल और बेहतर बैंकिंग सेवाएं मिल सकें। संचालक मंडल ने इस उपलब्धि के लिए बैंक के अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्राहकों के सहयोग को सराहते हुए भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

## संचालक मंडल की बैठक में जताया गया संतोष



### ये रहे उपस्थित

बैठक में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप, उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, नाबार्ड प्रतिनिधि, सीईओ कुंवर सिंह ध्रुव, उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, उप संचालक कृषि, लेखा विशेषज्ञ चार्टड अकाउंटेंट प्रतीक चिखलीकर, विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि विज्ञान केन्द्र धर्मपाल केरकेट्टा सहित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## विकास : 250 करोड़ से 235 किलोमीटर सड़कों का बिछेगा जाल

# बस्तर की 86 सड़कों का मुख्यमंत्री साय ने वर्चुअली किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के विकास पथ पर आज एक नया अध्याय जुड़ गया है, जहाँ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेस-4 के अंतर्गत बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्यों का शुभारंभ किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जशपुर से वर्चुअल माध्यम से विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ किया। जिसका सीधा प्रसारण कुम्हरावंड स्थित शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय के सभागार में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बस्तर जिले की कुल 86 महत्वपूर्ण सड़क कार्यों की आधारशिला रखी गई, जिनकी कुल लंबाई 235.45 किलोमीटर और अनुमानित लागत लगभग 250 करोड़ रुपये है। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने गरिमामयी वातावरण के बीच इन सड़कों के निर्माण का औपचारिक शिलान्यास किया, जो क्षेत्र की ग्रामीण कनेक्टिविटी को एक नई ऊंचाई पर ले जाने का संकल्प है।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेस-4 के अंतर्गत बनाई जाएंगी



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कलेक्टर आकाश छिकारा, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच और बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन पर इन जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित अधिकारियों और इंजीनियरों को इन परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए,



ताकि बस्तर का हर निवासी एक विकसित और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की दिशा में अपना योगदान दे सके।

### ग्रामीणों के जीवन में लाएगी समृद्धि

विधायक चित्रकोट विनायक गोयल ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि ये सड़कें केवल आवागमन का साधन नहीं बल्कि ग्रामीणों के जीवन में समृद्धि लाने का मार्ग बनेंगी। उन्होंने इन कार्यों के लिए शासन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि बुनियादी ढांचे में यह सुधार स्थानीय सामुदायिक जुड़ाव को और सशक्त करेगा। इसी कड़ी में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के विजन को याद करते हुए बताया कि केंद्र और राज्य सरकार की दूरगामी सोच से आज बस्तर की तस्वीर बदल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य सड़कों के माध्यम से हर ग्रामीण तक शुद्ध पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएँ पहुँचाना है। इस अवसर पर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। विकास की यह लहर जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों और ब्लॉकों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। लोहंडीगुड़ा, दरभा, बास्तानार और तोकापाल जैसे क्षेत्रों में स्वीकृत सड़कों से कनेक्टिविटी की दशकों पुरानी आवागमन की दिक्कतें दूर होगी।

# 6 मेडिकल स्टोर पर दबिश, स्टॉक में कमियों पर जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

■ नशीली दवाओं के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

क्षेत्र में नशीली दवाओं के अवैध क्रय-विक्रय और बिना डॉक्टरी पर्ची के प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद औषधि प्रशासन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। आज ड्रग इंस्पेक्टर आलोक मौर्या की टीम ने भोपालपटनम क्षेत्र के अंतर्गत संचालित 6 मेडिकल दुकानों पर औचक दबिश देकर जांच की। अचानक हुई कार्रवाई से दवा विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने दुकानों में मौजूद क्रय-विक्रय रजिस्टरों का बारीकी से मिलान किया और स्टॉक में पाई गई कमियों पर नाराजगी जाहिर की। ड्रग इंस्पेक्टर ने सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को चेतावनी देते निर्देशित किया है कि भविष्य में कोई भी दवा विशेषकर प्रतिबंधित और नशीली श्रेणी की दवाएं बिना डॉक्टर के पर्चे के किसी भी स्थिति में न बेची जाएं।

### कार्रवाई करेंगे

भोपालपटनम में 6 मेडिकल स्टोर की जांच कर नशीली दवाओं के रिकार्ड खंगाले गए हैं। सभी संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि बिना डॉक्टर के पर्चे के प्रतिबंधित दवाएं न बेचें और बिलिंग अपडेट रखें। नियमों की अनदेखी पर स्टोर का लाइसेंस निरस्त कर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

**आलोक मौर्या**
ड्रग इंस्पेक्टर

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ दुकानों में क्रय-विक्रय के बिल और रिकॉर्ड समय पर अपडेट नहीं किए जा रहे थे जिस पर टीम ने सख्त हिदायत दी है कि सभी दुकानदार अपने बिलिंग सिस्टम को तत्काल दुरुस्त करें और हर एक लेनदेन का पारदर्शी रिकॉर्ड रखें। ड्रग इंस्पेक्टर ▶▶| शेष पेज 2 पर

# पंचायत सचिव के रिक्त पदों पर स्थानीय को मिले प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

युवा कांग्रेस नेता हेमंत कश्यप के नेतृत्व में कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को पंचायत सचिव भर्ती प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने एवं बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता देने संबंधी ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि बस्तर जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिव के पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। जबकि पड़ोसी जिले कांकेर एवं बीजापुर में भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। यहां बस्तर के युवाओं के साथ अन्याय किया जा रहा है। आज हालात यह हैं कि एक पंचायत सचिव 2 से 3 पंचायतों का बोझ उठाने को मजबूर है। जिसके कारण विकास कार्य ठप हैं । आम जनता को छोटे-छोटे कामों के लिए भटकना पड़ रहा है। यह सीधा बस्तर के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। आदिवासी बहुल क्षेत्र में



हजारों शिक्षित बेरोजगार नौकरी के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने मांग रखी कि तत्काल पंचायत सचिव भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए। जिसमें स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाए। भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष हो, आदिवासी क्षेत्र के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। डिप्टी कलेक्टर एवं पंचायत विभाग के अधीक्षक साहू ने शीघ्र भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने का आश्वासन दिया।

आंदोलन की चेतावनी

युकां ने शीघ्र ही भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं करने पर सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस दौरान संजय, थानेश, भागवत, चंद्रशेखर, खिरेंद्र, रुपलाल, वैभव, मनीष, गिरधर, कृष्णा, एकादशी, रामचंद्र, जगमोहन, अनुज, रुपेश मौजूद रहे।

# बच्चों की कला व कलम ने दिया सुरक्षा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अग्नि सुरक्षा के प्रति समाज को सजग बनाने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे अग्नि सुरक्षा जागरुकता सप्ताह के दौरान उत्साह और रचनात्मकता का अनूठा संगम देखने को मिला। इस अभियान के तहत 15 एवं 16 अप्रैल को निबंध और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी लेखनी के माध्यम से अग्नि दुर्घटनाओं के कारणों और उनसे बचाव के प्रभावी उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। बच्चों के निबंधों में न केवल आग से बचने के तकनीकी तरीके शामिल थे, बल्कि समाज को सतर्क रहने का एक सशक्त संदेश भी छिपा था। उनकी वैचारिक गहराई ने वहां मौजूद सभी लोगों को प्रभावित किया। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए गुरुवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसने पूरे परिसर को




रंगों और संदेशों से सरोबार कर दिया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जमीन पर रंगों के माध्यम से अग्नि सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को जीवंत किया। किसी ने अग्निशमन यंत्रों की आकृति बनाई तो किसी ने सुरक्षा ही बचाव है के संकल्प को रंगों के जरिए उकेरा। दोनों ही दिनों के कार्यक्रमों में बच्चों ने जिस ऊर्जा के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वह सराहनीय रहा।

**बच्चों की प्रतिभा को सराहा:** बच्चों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि जागरुकता की यह मशाल आने वाली पीढ़ी के हाथों में पूरी तरह सुरक्षित है। विद्यालय प्रशासन और अतिथियों ने बच्चों के इस हुनर की जमकर सराहना की और उन्हें भविष्य के प्रति सजग रहने हेतु प्रोत्साहित किया।

## लोग घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर ले रहे मुफ्त बिजली

# पीएम सूर्य घर में बस्तर जिले को प्रदेश में मिला पांचवां स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ 574 उपभोक्ताओं ने घर के छतों में लगाया सोलर पैनल

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत बस्तर जिला छत्तीसगढ़ में अब तक पांचवां स्थान बनाया है और सौर ऊर्जा को अपनाने में प्रमुख जिलों में से एक के रूप में उभर रहा है। इस योजना का लक्ष्य है कि लोग अपनी छतों पर सोलर पैनल लगाकर न केवल मुफ्त बिजली प्राप्त करें, बल्कि अतिरिक्त बिजली बेचकर ऊर्जादाता भी बनें। इससे लोगों को बिजली बिल से राहत मिलने के साथ-साथ ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी मिल रहा है। बस्तर जिले में विद्युत कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के जागरूक के चलते अब तक 574 उपभोक्ताओं ने अपने छतों में सोलर पैनल लगाकर बिजली मुफ्त ले रहे हैं।







### आम लोगों के लिए राहत बनी योजना

उपभोक्ताओं ने कहा कि यह योजना आम नागरिकों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। इससे जहां बिजली बिल का बोझ कम होता है, वहीं भविष्य के लिए यह एक उपयोगी निवेश भी है। उन्होंने अन्य लोगों से भी सौर ऊर्जा अपनाने की अपील की है, ताकि ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में सामूहिक प्रयास हो सके।

### स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को दे रहे बढ़ावा

विद्युत कंपनी जगदलपुर ग्रामीण संभाग के कार्यपालन अभियंता प्रदीप अग्रवाणी ने बताया कि लोगों को योजना से जोड़ने के लिए बैंकों के माध्यम से कम ब्याज दर पर आसान किस्तों में ऋण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। इससे आम नागरिकों के लिए सोलर सिस्टम लगवाना पहले की तुलना में अधिक सरल और किफायती हो गया है। ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में यह योजना स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दे रही है।

# कांग्रेस को मजबूत करने नेता कर रहे जनता से रायशुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ ब्लाक अध्यक्ष सूर्यापानी ने ली 2 वार्ड की बैठक

दक्षिण ब्लॉक प्रभारी जतिन जायसवाल की अध्यक्षता व अध्यक्ष सूर्यापानी के नेतृत्व में एवं मंडल प्रभारी संदीप दास व मंडल अध्यक्ष जोहन सुता की उपस्थिति में जवाहर नगर वार्ड व सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड में बूथ, सेक्टर गठन प्रकिया हेतु बैठक हुई ।

बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देशानुसार मिशन गांव चलो अभियान के तारतम्य में शहरी क्षेत्र अंतर्गत बूथ व सेक्टर की मजबूती हेतु संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने बैठक आहुत की जा



रही है । इसका मुख्य उद्देश्य संगठन को सशक्त करना, नए कार्यकतार्ओं को जोड़ना और आगामी चुनावों के लिए मजबूत आधार तैयार करना है। बैठक में महामंत्री जिला कांग्रेस सुषमा सुता, सचिव मोहसिन खान, असीम सुता, सूदनी कश्यप, कुसुम नेगी, अरूपानंद बाघ, जोसमन नम्रशील, सुमन नम्रशील, कृपाशंकर राय ,दिनेश साहनी, मातियस नर्मशील, ललित धनफूल ,गणेश झा, जोगा सिंग, जरीना बघेल, चंद्रा छुरा ,ममता शर्मा, गुरजीत वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की तिथि बढ़ी, 19 तक कर सकेंगे आवेदन

**कोण्डागांव।** अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कॉलेज स्तर के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। विभाग ने लंबित आवेदनों की संख्या को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव एवं स्वीकृति की तिथियों में वृद्धि की है। संस्थाओं द्वारा लंबित प्रस्ताव को लॉक कर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को भेजने की अंतिम तिथि 19 अप्रैलनिर्धारित की गई है। शासकीय संस्था एवं जिला कार्यालय द्वारा स्वीकृति आदेश लॉक करने की अंतिम तिथि 21 अप्रैल 2026 तय की गई है। जिला कार्यालय द्वारा भुगतान के लिए प्रस्ताव राज्य कार्यालय को भेजने की अंतिम तिथि 23 अप्रैल निर्धारित की गई है। शिक्षा सत्र 2025–26 के लिए पूरी छात्रवृत्ति प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से संचालित की जा रही है।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को दी गई 4 लाख की सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना ने प्राकृतिक आपदा पीड़ित के वारिसों को आर्थिक सहायता प्रदान की है। कोंडागांव तहसील के ग्राम कोपाबेड़ा निवासी इशिका देव की पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। मृतक की माता अमिषा देव एवं पिता मनोज देव को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि संबंधित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश तहसीलदार को दिए गए हैं।

पेज 3 का शेष

### 6 मेडिकल स्टोर...

ने संचालकों से कहा कि यदि दोबारा निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता स्टॉक में अंतर या बिना पर्ची के नशीली दवाओं की बिक्री पाई जाती है तो संबंधित संस्थान का लाइसेंस निरस्त कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# क्रेडा के 560 क्लस्टर तकनीशियनों ने की सेवा बहाली की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोंडागांव

छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा में पिछले लगभग 12 वर्षों से कार्यरत सेवाकर्ता इकाइयों क्लस्टर तकनीशियन ने अपनी सेवा बहाली की मांग को लेकर आवाज बुलंद कर दी है। इस संबंध में तकनीशियनों ने कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुश्री लता उसेंडी को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में बताया गया कि सभी सेवाकर्ता इकाइयाँ संविदा एवं रुचि की अभिव्यक्ति के तहत निर्धारित नियमों के अनुसार लगातार कार्य कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन, सोलर ड्यूल पंप, सोलर पावर प्लांट, सोलर हाई मस्ट, सोलर होम लाइट, सौर सुजला योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के संचालन, रखरखाव और मॉनिटरिंग का कार्य जिम्मेदारीपूर्वक किया। विभिन्न कार्यों में 560 से अधिक तकनीशियन अहम भूमिका निभा रहे थे। तकनीशियनों ने बताया कि करीब 560 सेवाकर्ता इकाइयाँ इस कार्य से जुड़ी हुई थीं, जो विभागीय योजनाओं के सुचारू संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दे रही थीं।

## 12 वर्षों से सेवाएं दे रहे तकनीशियन हुए बेरोजगार



### 1 अप्रैल से कार्य बंद, परिवारों पर आर्थिक संकट

सेवाकर्ताओं के अनुसार 1 अप्रैल 2026 से फंड की कमी एवं नई कार्य योजना के कारण अचानक उनका कार्य बंद कर दिया गया। इससे सभी तकनीशियनों एवं उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। तकनीशियनों ने विधायक लता उसेंडी से आग्रह किया कि उनकी स्थिति को सहानुभूतिपूर्वक देखते हुए शीघ्र उन्हें पुनः कार्य पर बहाल किया जाए, ताकि वे अपनी सेवाएं जारी रख सकें और परिवार का भरण-पोषण कर सकें।

### आंदोलन की दी चेतावनी

सेवाकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो वे अपने अधिकारों की रक्षा हेतु वैधानिक और लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## हादसा : ज्यादातर हादसे नेशनल हाईव 30 पर हुए

# जिले में सड़क हादसों का सिलसिला जारी, एक हफ्ते में 8 की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरसगांव

- सड़क दुर्घटना में दर्जनों लोग हो चुके हैं घायल

कोंडागांव जिले में सड़क दुर्घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और इन पर लगाम लगाना प्रशासन के लिए चुनौती बनता जा रहा है। बीते एक सप्ताह के भीतर जिले में हुए लगभग छह अलग-अलग सड़क हादसों में 8 लोगों की जान चली गई है, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार, लापरवाही से वाहन चलाना और यातायात नियमों की अनदेखी इन हादसों के प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं। खासकर नेशनल हाईवे और ग्रामीण सड़कों पर लगातार हो रही दुर्घटनाएं लोगों की चिंता बढ़ा रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई जगहों पर सड़क की स्थिति खराब है और यातायात संकेतकों की कमी भी हादसों की एक बड़ी वजह है। खास कर बाई पास मार्ग पर, वहीं रात के समय पर्याप्त रोशनी न होने से भी दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। प्रशासन द्वारा समय-समय पर यातायात जागरूकता अभियान चलाए जाने के बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वाहन चलाते समय सावधानी बरतें, गति सीमा का पालन करें और हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। लगातार हो रही इन घटनाओं ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाने की जरूरत को उजागर कर दिया है। यदि समय रहते प्रभावी उपाय नहीं किए गए, तो इस तरह की घटनाएं आगे भी जारी रह सकती हैं।

### नेशनल हाईवे 30 पर सड़क हादसा

### तीन दोपहिया वाहनों की भिड़ंत, दो युवकों की मौत




### एक दिन पहले दो लोगों की गई थी जान

नेशनल हाईवे 30 में एक दिन पहले भी तीन दो पहिया वाहनों की भिड़त होने से दो लोगों की मौत हो गई थी। हादसे में एक शिक्षिका सहित तीन लोग घायल हुए थे। इसके बाद शुक्रवार को एनएच 30 में चिचाड़ी पुल के पास भिड़त हो जाने से तीन मजदूरों की मौत हो गई है। दो अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसों में कई घायल इलाज के दौरान दम तोड़ चुके हैं।

### थम नहीं रहा रफ्तार

नेशनल हाईवे में हो रहे हादसों में ज्यादातर मामलों में तेज रफ्तार वाहन के अनियंत्रित होने के कारण पलट रहे या भिड़त हो रही है। इस कारण में उसमें सवार लोगों की जान जा रही है। दूसरे कारणों में रात के समय लगातार ड्राइविंग करने के कारण चालकों को आराम नहीं मिल पाता है, जिससे झपकी आते ही वाहन अनियंत्रित हो जा रहे हैं।

### स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव

हादसों के बाद अगर घायलों को आधा घंटे में इलाज मिल जाए तो, जान बचने की संभावनाएं कई गुना बढ़ जाती है। लेकिन नेशनल हाईवे में कई ऐसे स्थानों पर हादसे हो जाते हैं, जहां तत्काल इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण लोगों की जान चली जाती है।

# बस्तर के समग्र विकास के लिए बस्तर मुन्ने अभियान की शुरु



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

- संभाग के 7 जिलों को किया गया शामिल
- शत–प्रतिशत योजनाओं का लाभ दिलाने पर फोकस

राज्य सरकार द्वारा सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से बस्तर मुन्ने अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान में बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर और कांकेर जिले शामिल हैं।

अभियान का लक्ष्य प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं का 100 प्रतिशत लाभ पहुंचाना है, जिसके लिए 31 प्रमुख इंडिकेटर्स तय किए गए हैं। अभियान के सफल संचालन के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। पहले चरण में घर–घर संपर्क और जनजागरूकता अभियान, दूसरे चरण में ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर, तीसरे चरण में क्लस्टर स्तर पर लंबित प्रकरणों का निराकरण, चौथे चरण में विकासखंड स्तर पर समाधान, पांचवें चरण में थर्ड पार्टी द्वारा मूल्यांकन। प्रत्येक पंचायत में सर्वे कर पात्र हितग्राहियों की पहचान की जाएगी और उन्हें योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

### जनप्रतिनिधियों की रहेगी सक्रिय भागीदारी

*अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों के साथ–साथ मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं मंत्रीगण भी शिविरों में शामिल हो सकते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आजीविका और आधारभूत सुविधाओं में सुधार कर आम नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का लक्ष्य रखा गया है।*

# गुणवत्तायुक्त और अधिकाधिक संग्रहण करें, ग्रामीणों की आय बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2026 की कार्ययोजना पर समीक्षा बैठक एवं कार्यशाला आयोजित की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तेंदूपत्ता संग्रहण को अधिकाधिक एवं गुणवत्तायुक्त बनाया जाए, जिससे ग्रामीणों की आय में वृद्धि हो सके। संग्राहकों को बीमा एवं छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ प्रति संग्राहक न्यूनतम 500 गड्डी संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया। वनमंडलाधिकारी चूड़ामणि सिंह ने बताया कि जिले में 13 समितियों के 245 केंद्रों के माध्यम से 19,200 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है। मौसम और पत्तों की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए 25 अप्रैल से तेंदूपत्ता खरीदी शुरू होने की संभावना है। जिले में लगभग 31 हजार परिवार तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य से जुड़े हैं, जिन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।



**700 अधिकारियों–कर्मचारियों की तैनाती:** संग्रहण, प्रसंस्करण और भंडारण कार्य के लिए लगभग 700 अधिकारी–कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। संयुक्त वनमंडलाधिकारी द्वारा पीपीटी के माध्यम से कार्ययोजना प्रस्तुत की गई, जिसमें लगभग 350 अधिकारियों–कर्मचारियों ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# खुड़खुड़िया जुआ खेला रहे दो आरोपी गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** माकड़ी पुलिस ने खुड़खुड़िया जुआ पर कार्रवाई करते हुए दो अलग–अलग प्रकरणों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 17 अप्रैल को ग्राम हीरापुर के मेला स्थल के पास की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मेला मैदान में कुछ लोग रुपए–पैसों का दांव लगवाकर खुड़खुड़िया जुआ खेला रहे हैं। सूचना पर तत्काल टीम गठित कर मौके पर घेराबंदी की गई। इस दौरान अलग–अलग स्थानों पर जुआ संचालित करते हुए दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों में



फरसराम महावीर निवासी उड़ीदगांव, रोबीराम नेताम निवासी सोड़मा शामिल हैं। दोनों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत पृथक–पृथक प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 1850 नकद, 2 नग झंडामुंडा चार्ट, 12 नग खुड़खुड़िया गोटा एवं 2 नग टोकनी जब्त की है। पूरी कार्रवाई में निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान सहित प्र.आर. मोनाराम मंडावी, सुन्हेर मातलाम, महाराणा प्रताप भुआर्य, आरक्षक केमेन्द्र उइके और हेमलाल रावटे का विशेष योगदान रहा।

# ग्राम हरवेल में नवीन लेमप्स का किया गया लोकार्पण

**केशकाल।** कोंडागांव जिले के विकासखण्ड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवेल स्थित नवीन आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित हरवेल का लोकार्पण मुख्य अतिथि बड़ेराजपुर मंडल अध्यक्ष लाला राम मरकाम ने फीता काटकर किया। किसानों के लिए 15 अप्रैल बुधवार का दिन किसानों के लिए बड़ी सौगात लेकर आई। पांच ग्राम पंचायत हरवेल, ढोंढरा किबड़ा, पीढ़ापाल, धामनपुरी सीधे इसी नवीन लेमप्स से जुड़ेंगे। मंडल अध्यक्ष लाला मरकाम ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसानों को किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा और रासायनिक खाद और बीज कि किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होगी आने वाले दिनों में और भी कई प्रकार की किसानों को जानकारी मिलती रहेगी। उन्होंने कहा कि सदस्यों को खेती के लिए 0% या कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराना। किसानों को उचित मूल्य पर उपचारित बीज और रासायनिक खाद मुहैया कराना। सरकार की न्यूनतम समर्थन मूल्ययोजना के तहत किसानों से धान और अन्य फसलों की खरीद करना। कई क्षेत्रों में ये समितियां राशन की दुकानों का संचालन भी करती हैं। 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी पात्र



नागरिक इसका सदस्य बन सकता है। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष हिरासिह नेताम ,मंडल अध्यक्ष लालाराम मरकाम , सरपंच हरवेल महेश नेताम, जनपद सदस्य सुषमा दिनेश मरकाम , जनपद सदस्य अंजली शोरी , जनपद सदस्य संगीता पोयाम,सरपंच किबड़ा शत्रुघन मरकाम, पूर्व जनपद अध्यक्ष लच्छनतीन नाग जीवनदास मानिकपुरी, हरिलाल मंडावी ,बलराम मंडावी ,गोविंद मंडावी , बांसकोट लेमप्स प्रबंधक जशराज शार्दूल ,हरवेल प्रबंधक केशू बेध ,अनूप नेताम ,भुवन कोड़ोपी एवं पांचों पंचायत के किसान उपस्थित रहे।

# मानवता: शिक्षिका सुशीला जरुरतमंद बच्चों के लिए हर माह कर रहीं सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

- शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनंतपुर में हैं पदस्थ
- बच्चों ने नियमित स्कूल आने का लिया संकल्प

आज के समय में जहां लोग अपने–अपने काम और लाभ में व्यस्त रहते हैं, वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो मानवता और सहयोग की मिसाल पेश कर रहे हैं। ऐसे ही प्रेरणादायक व्यक्तित्व हैं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनंतपुर की व्याख्याता श्रीमती सुशीला शर्मा, जो जरूरतमंद बच्चों की मदद के लिए निरंतर आगे आ रही हैं।

श्रीमती सुशीला शर्मा द्वारा प्राथमिक शाला नयापारा अनंतपुर माकड़ी के बच्चों को प्रतिमाह साबुन, तेल, टूथपेस्ट, ब्रश जैसे दैनिक उपयोग की सामग्री वितरित की जाती है। इसके साथ ही वे प्रत्येक छात्र को 100 की प्रोत्साहन राशि भी देती रही हैं, जिससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह बना रहे।

**इस बार बैग, कॉपी और अन्य सामग्री पाकर खुश हुए बच्चे:** हाल ही में शिक्षिका सुशीला ने बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, पानी की बोतल, बिस्कुट और अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की। इन उपहारों को पाकर बच्चे बेहद खुश नजर आए और उन्होंने पढ़ाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दिखाई। सामग्री वितरण के दौरान बच्चों ने वादा किया कि वे प्रतिदिन स्कूल आएंगे और ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान भी पढ़ाई जारी रखेंगे। इससे स्पष्ट है कि शिक्षिका का यह प्रयास केवल सहयोग नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



**समाज के लिए प्रेरणा बनीं शिक्षिका शर्मा:** श्रीमती सुशीला शर्मा का यह कार्य समाज के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने यह साबित किया है कि यदि इच्छाशक्ति और सेवा भावना हो, तो छोटे–छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। उनका यह योगदान न केवल बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रहा है, बल्कि समाज में सहयोग और संवेदनशीलता का संदेश भी दे रहा है।

**समक्ष नोटरी श्री डी.आर. साहू नोटरी फरसगांव जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

**// शपथ पत्र //**

( दस्तावेजों में त्रुटि सुधार के समर्थन में)

मैं श्रवण कुमार पिता/ पति फरसू राम उम्र 31 वर्ष जाति कलार ग्राम फूपगांव तहसील फरसगांव जिला कोण्डागांव (छ.ग.) शपथ पूर्वक निम्नांकित कथन करता/करती हूं :-

1. यह कि मेरा नाम श्रवण कुमार है जो सही एवं सत्य है, तथा यही नाम मेरे जन्म प्रमाण पत्र एवं मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में अंकित है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड 3639 1776 0625 के ऑनलाईन में मेरा नाम त्रुटिवश लकेश्वर बैध दर्शित हो रहा है।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड 3639 1776 0625 के ऑनलाईन में मेरा नाम लकेश्वर बैध के स्थान पर श्रवण कुमार अंकित कराना चाहता हूं।
4. यह कि मेरे आधार कार्ड 3639 1776 0625 के ऑनलाईन में मेरा नाम लकेश्वर बैध के स्थान पर श्रवण कुमार अंकित किया एवं पढ़ा जावे।
5. यह कि यह शपथ पत्र मेरे आधार कार्ड 3639 1776 0625 के ऑनलाईन में मेरा नाम श्रवण कुमार अंकित किये एवं पढ़े जाने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा/ रही हूं।

शपथकर्ता
श्रवण कुमार

// सत्यापन //

मैं श्रवण कुमार पिता/पति फरसू राम उम्र 31 वर्ष जाति कलार ग्राम फूपगांव यह सत्यापित करता/करती हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक में वर्णित सभी बातें सत्य व सही है अतः आज दिनांक 13.04.2026 को स्थान फरसगांव में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया ।

सत्यापनकर्ता
श्रवण कुमार

# बिजली कटौती से किसान परेशान, कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरसगांव

- कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की दी चेतावनी

क्षेत्र के ग्राम बांनगांव में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर किसानों और ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। इस संबंध में शुक्रवार को ग्रामीणों ने सहायक कनिष्ठ यंत्री, विकासखंड फरसगांव को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।



ज्ञापन में बताया गया है कि बीते कई दिनों से अनियमित और लंबे समय तक बिजली बंद रहने के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खेतों में सिंचाई प्रभावित हो रही है, जिससे फसलों को नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि आसपास के क्षेत्रों की तुलना में उनके गांव में अधिक समय तक बिजली कटौती की जा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि इस स्थिति से क्षेत्र के किसान और आमजन दोनों ही काफी दुखी हैं। उन्होंने अधिकारियों से तत्काल व्यवस्था सुधारने और नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि दो दिनों के भीतर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो क्षेत्र के सभी किसान संबंधित कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# किशोर न्याय बोर्ड का निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**कोण्डागांव।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गायत्री साय द्वारा 17 अप्रैल को किशोर न्याय बोर्ड कोण्डागांव का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लंबित प्रकरणों की स्थिति, बच्चों को उपलब्ध सुविधाओं तथा न्यायिक प्रक्रियाओं के सुचारू संचालन का मूल्यांकन किया गया। सचिव द्वारा बोर्ड में उपस्थित कर्मचारियों से जानकारी लेकर अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए। किशोरों की सुरक्षा, पुनर्वास एवं परामर्श सेवाओं को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए तथा समय पर विधिक सहायता उपलब्ध कराने पर बल दिया गया। बोर्ड परिसर की स्वच्छता, सुरक्षा एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# पीएम श्री सेजेस के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहण्डीगुड़ा



पीएम श्री सेजेस लोहण्डीगुड़ा के माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। भ्रमण के शुभारंभ अवसर पर एसएमडीसी अध्यक्ष बसंत कश्यप ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। विद्यार्थियों में भ्रमण को लेकर उत्साह देखा गया।

भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन एवं व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। भ्रमण की शुरुआत विद्यालय परिसर से हुई, जहां से विद्यार्थी जगदलपुर के प्रसिद्ध मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचे और माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक भंजदेव महल का भ्रमण किया तथा वहां की ऐतिहासिक जानकारी प्राप्त की। इसके बाद विद्यार्थियों को मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट ले जाया गया, जहां एयरपोर्ट स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हें रनवे, कंट्रोल रूम, एयर ट्रैफिक कंट्रोल, सुरक्षा व्यवस्था तथा विमान के आगमन एवं प्रस्थान की आवश्यक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने हवाई अड्डे की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। हवाई अड्डे में जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल और खंड शिक्षा अधिकारी शालिनी तिवारी का विशेष सहयोग रहा। दोपहर का भोजन एक रेस्टोरेंट में कराया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने लामनी पार्क का भ्रमण किया, जहां उन्होंने मनोरंजन के साथ प्रकृति का आनंद लिया। विद्यार्थियों का उत्साह चरम पर रहा।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने भी भ्रमण में सहभागिता निभाई एवं विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्राचार्य तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं पूरे समय विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहकर उनका मार्गदर्शन करते रहे। यह शैक्षणिक भ्रमण सुंदर यादों, नए ज्ञान एवं अनमोल अनुभवों के साथ सम्पन्न हुआ। विद्यालय परिवार ने इस सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल शिलान्यास

# 12 नई सड़कों की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज- 4 के कार्यों का जशपुर नगर स्थित रणजीता स्टेडियम में शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम का पूरे राज्य में वर्चुअल माध्यम से सीधा प्रसारण देखा गया।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-4 के तहत

■ गांवों की रोड कनेक्टिविटी बढ़ेगी, लोगों को सुविधाएं मिलने के साथ-साथ समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी

दंतेवाड़ा जिले को 3935.90 लागत 12 नई सड़कों 43.16 किमी की सौगात मिली। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत इन 12 सड़कों का निर्माण दंतेवाड़ा, गीदम, कटेकल्याण और कुआकोंडा विकास खंडों में किया जाएगा। प्रमुख मार्गों में दंतेवाड़ा से कुदेंली, टोटापारा से टेमरुभाटा, पाहुरनार रोड से कौवरगांव, पाहुरनार से बड़ेकरका, तालनार से मुंडेर तथा हिड़पाल रोड से बालेंगपाल शामिल हैं। इसके अलावा डोंगरीपारा से गिरसापारा, गुड़से से पुजारीपारा मिचगोंदी, सुरनार से कुम्हारपारा और हल्बारास, मैलावाड़ा से जरीपारा, कोरिरास-टिकमपाल मार्ग से लेंदा, पालनार पेरमापारा से अचेली जैसी महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों का भी निर्माण प्रस्तावित है।

इस अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित संयुक्त जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों ने लाइव प्रसारण के माध्यम से इस कार्यक्रम को देखा। इस दौरान जिले के दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों को मुख्य सड़कों से जोड़ने के उद्देश्य से स्वीकृत इन परियोजनाओं को ग्रामीण संपर्क व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इन सड़कों के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार जैसी मूलभूत सुविधाओं तक ग्रामीणों की पहुंच भी बेहतर हो सकेगी।

इस वर्चुअल कार्यक्रम में स्थानीय विधायक श्री चैतराम अटामी ने कहा कि आज प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा दंतेवाड़ा जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (फेस-04) के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं शुभारंभ किया जाना जिले के लिए गर्व और सौभाग्य का विषय है। उन्होंने जिलेवासियों की ओर से मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल क्षेत्र के विकास को नई दिशा देगी। विधायक ने बताया कि प्रथम चरण में 12 सड़कों का भूमिपूजन किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में 38 और सड़कों की स्वीकृति मिलने की संभावना है, जिससे विकास कार्यों का दायरा और व्यापक होगा। उन्होंने कहा कि पहले नक्सल समस्या के कारण क्षेत्र में विकास कार्य प्रभावित थे और बुनियादी ढांचे का विस्तार नहीं हो पा रहा था। लेकिन अब परिस्थितियाँ काफी बदल चुकी हैं और बस्तर क्षेत्र नक्सलमुक्ति की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में सड़क, पुल और पुलियों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में विकास की नई गति देखने को मिल रही है। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों की स्वीकृति मिलने से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों को बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि इन सड़कों के निर्माण से कई गांव सीधे मुख्यालय से जुड़ जाएंगे, जिससे आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुगम और तेज होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को अब स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में आसानी होगी। साथ ही किसानों को भी अपने उत्पाद बाजार तक पहुंचाने में लाभ मिलेगा। मुड़ामी ने इस पहल को क्षेत्र के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए शासन के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे गांवों की तस्वीर तेजी से बदलेगी। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच, ग्रामीणजन, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि संतोष गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं पीएमजीएसवाय ईई वैभव देवांगन तथा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# चंद्रिका के प्रयास से 6 महीनों का श्रम सम्मान निधि जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

दंतेवाड़ा सहित पूरे प्रदेश में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को राज्य शासन के द्वारा मिलने वाला श्रम सम्मान निधि राशि विगत अप्रैल 2025 से अप्राप्त है।

इस मांग को लेकर जन अधिकार सामाजिक कल्याण संघ और छग पेंशनर फोरम के नव निर्वाचित प्रांतीय संयोजक चंद्रिका सिंह ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता जीएस मरकाम से नया रायपुर स्थित इंद्रावती भवन संचालनालय में भेंट कर ज्ञापन दिया। प्रमुख अभियंता मरकाम ने सिंह के साथ गए डेलिगेशन को बताया कि 6 महीने की श्रम सम्मान निधि राशि दंतेवाड़ा सहित प्रदेश के प्रत्येक जिले में कार्यरत देनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के लिए जारी कर दी गई है। राशि आबंटन पर सिंह के साथ गए करन सिंह अटेरिया प्रांताध्यक्ष छग प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ, जितेंद्र सिंह ठाकुर प्रांताध्यक्ष कोषालय कर्मचारी संघ, विद्याभूषण दुबे ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व प्रमुख अभियंता को 30 मार्च को ज्ञापन देकर श्रम सम्मान निधि आबंटन की मांग की गई थी।

जिसके जवाब में विभाग के द्वारा यह बताया गया था कि अब तक शासन की ओर से श्रम सम्मान निधि के लिए आठ करोड़ रुपए मिलते थे जिसके कारण भुगतान करने में विलंब होता था। बहरहाल 6 महीने की निधि जारी किए जाने पर कर्मचारी नेताओं ने राहत की सांस ली है।

# तंबाकू पर सख्ती, 17 चालान, 2700 का वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत गंगालूर क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए तंबाकू नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई की गई। यह अभियान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी के मार्गदर्शन में संचालित किया गया।

कोटपा अधिनियम 2003 के अंतर्गत क्षेत्र की विभिन्न दुकानों एवं ठेलों की जांच की गई। जहां नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 17 चालान किए गए और 2700 की राशि जुर्माने के रूप में वसूली गई। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग से डॉ. मनोज लम्बाड़ी, डॉ. माधुरी डेंटल सर्जन, शिक्षा विभाग से नर्वेद सिंह तथा पुलिस विभाग से महेश राठौर प्रधान आरक्षक, बुद्ध हेमला, डीसीएफ राम लाला प्रसाद, नक्का मानकू पोतम, अर्जून हेमला और वेंकटम्म झाड़ी उपस्थित रहे।

कार्यवाही के दौरान संबंधित दुकानदारों को अपनी दुकानों पर तंबाकू निषेध से संबंधित चेतावनी बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही आमजन को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नियमों का पालन करने की अपील भी की गई। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नियमों के पालन को लेकर जागरूकता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

# दवा दुकानों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले को नशा मुक्त बनाने के अभियान के तहत किरंदुल थाना क्षेत्र में प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 मेडिकल दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

यह कार्रवाई नारकोटिक्स कंट्रोल के तहत जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अंजाम दी गई। संयुक्त टीम में पुलिस अधिकारी और ड्रग इंस्पेक्टर शामिल रहे, जिन्होंने दवा दुकानों में नारकोटिक्स श्रेणी की दवाइयों के स्टॉक, खरीद-बिक्री के बिल, रजिस्टर और दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। इस दौरान सभी दुकानों में पंचनामा तैयार कर आवश्यक रिकॉर्ड संकलित किया गया। ड्रग इंस्पेक्टर आलोक मौर्य ने मौके पर मौजूद संचालकों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि नशीली दवाओं का व्यापार बेहद संवेदनशील विषय है और इसकी बिक्री केवल अधिकृत डॉक्टर की पर्ची पर ही की जानी चाहिए। उन्होंने नियमों के उल्लंघन पर लाइसेंस निलंबन सहित कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी।

वहीं थाना प्रभारी ने भी सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि बिना पर्ची नारकोटिक्स दवाओं की बिक्री पूरी तरह गैरकानूनी है। यदि कोई भी दुकानदार इस तरह की गतिविधि में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

यह कार्रवाई प्रशासन की नशा मुक्त दंतेवाड़ा संकल्प को दर्शाती है, जिसके तहत जिलेभर में लगातार निगरानी और चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। एन-कॉर्ड के जरिए नशीली दवाओं के अवैध क्रय-विक्रय पर नियंत्रण स्थापित करने के साथ-साथ युवाओं को नशे की लत से बचाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने दवा व्यवसायियों से नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की है।

साथ ही आम जनता से भी सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा गया है कि यदि कहीं बिना डॉक्टर की पर्ची के नशीली दवाओं की बिक्री होती दिखे, तो इसकी सूचना तत्काल थाना किरंदुल या जिला पुलिस को दें।

# विधायक ने कहा-संविधान ही देश की आत्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



भाजपा बचेली मंडल ने वार्ड क्र.16 मुंड्रा कैंप में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई। नन्हे बच्चों की कला और मुंड्रा कैंप के युवाओं के शानदार प्रबंधन ने समां बांध दिया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक चैतराम अटामी मौजूद रहे। अतिथियों ने बाबा साहेब के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वार्ड के बच्चों द्वारा दी गई रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। नन्हे कलाकारों ने नृत्य के माध्यम से सामाजिक संदेशों को मंच पर जीवंत कर दिया। बच्चों के आत्मविश्वास और कलात्मक प्रदर्शन ने मौजूद अतिथियों और वार्ड वासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसके लिए सभी प्रतिभागियों को विशेष रूप से पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में मुंड्रा कैंप की युवा टीम की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने से लेकर मंच सज्जा और अंतिम समय तक की व्यवस्थाओं का संपूर्ण दायित्व युवाओं ने निभाया। इस टीम में नरेश चौहान, बसंत खुरा, दिव्यो दुर्गा, सुरेश नाग, शंकर खुरा, शिवदास, आकाश खुरा, मुन्ना खुरा, पीतांबर सागर, सुशील दुर्गा, श्रवण मौर्य, लखन दुर्गा, कैलाश कुरे, अरुण कुरे और अनिल खुरा शामिल थे। अतिथियों ने इन युवाओं के समर्पण और सफल आयोजन की जमकर सराहना की। विधायक चैतराम अटामी ने अपने संबोधन में कहा संविधान ही हमारे देश की आत्मा है। बाबा साहेब ने शिक्षा को जो महत्व दिया, उसे आज इन बच्चों की प्रतिभा में देखा जा सकता है। राजू जायसवाल ने कहा बच्चों की ये प्रस्तुतियां दर्शाती हैं कि हमारे वार्डों में प्रतिभा की कमी नहीं है, बस उन्हें सही मंच की जरूरत है। मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती भाजपा बाबा साहेब के अंत्योदय और समानता के संकल्प को पूरा करने हेतु कृत

# जालसाजी कर बेच दी साढ़े तीन एकड़ जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के अटल बिहारी वाजपेई वार्ड में फर्जी तरीके से साढ़े तीन एकड़ जमीन बेचने का मामला सामने आया है। इस मामले में रिश्ते में ननद लगने वाली 2 महिलाओं ने जालसाजी कर जमीन बेचकर रकम हड़प ली। जबकि मामला कोर्ट में विचाराधीन है। बेवा पुनीता साहा के पक्ष में वार्ड के लोग एकजुट है। पूर्व पार्षद तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता अतुल कौशल ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि पंचनामा तैयार कर वार्ड के लोगों ने कलेक्टर से रजिस्ट्री निरस्त करने की मांग करने का निर्णय लिया। इस विषय में उन्होंने बताया कि वार्ड की महिला पुनीता साहा के पति प्रवीर चंद्र साहा की सड़क हादसे में विवाह के महज 2 साल बाद मृत्यु हो गई। उनकी पुत्री तनिष्का 17 साल की हो चुकी है। महिला के सास ससुर सरकारी नौकरी में थे उनका भी कोरोना काल में निधन हो गया है। महिला की दादी सास रेवा रानी साहा के नाम पर कालीपुर में 3 एकड़ 50 डिसमिल जमीन है। महिला के अनुसार उनकी ननद प्रीती मल्लिक और अमृता साहा ने 90 साल की रेवा रानी को अपने घर ले जाकर मानसिक स्थिति सही नही होने के बावजूद पावर आफ एटार्नी लेकर कालीपुर का खेत खसरा नंबर 597 रकबा 0.440 हेक्टेयर जमीन को आशा कुशवाहा पति श्याम सिंह कुशवाहा निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी चंद्रशेखर वार्ड को बेच दिया। इस मामले में वार्डवासियों ने पुनीता साहा के पक्ष में पंचनामा तैयार करते हुए जमीन बेचने वाली दोनों महिलाओं को दोषी बताया है।

■ वार्डवासियों ने तैयार किया पंचनामा, रजिस्ट्री निरस्त करने कलेक्टर से गुहार

# प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन ने दी आज स्कूल बंद रखने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्रदेश के समस्त स्कूल 1 मार्च 2026 से आर.टी ई प्रतिपूर्ति दर को बढ़ाने की मांग को लेकर असहयोग आंदोलन कर रहा है। इसी

■ छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन का निर्णय

तारतम्य में दिनांक 4 अप्रैल को छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने निर्णय लिया था कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लाटरी के माध्यम से आवंटित वंचित वर्ग के छात्रों के लिए शिक्षा के अधिकार कानून के तहत प्रवेश नहीं दिया जाएगा। असहयोग आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए दिनांक 14 अप्रैल को प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में निर्णय लिया गया था कि 17 अप्रैल को सभी स्कूल संचालक एवं शिक्षक काली पट्टी बांधकर काम किया। 18 अप्रैल को प्रदेश के सभी स्कूल बंद रखेंगे। जिसकी सूचना स्कूल शिक्षा मंत्री को दे दी गई है। साथ ही छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने निवेदन किया है कि स्कूल शिक्षा विभाग इस वर्ष शासकीय स्कूलों में प्रति छात्र राशि (शिक्षा के अधिकार कानून की धारा 12 की उप धारा 2 में भी प्रतिपूर्ति राशि निर्धारण के इस नियम का उल्लेख है) को सार्वजनिक करें ताकि निजी स्कूलों को मिलने वाली प्रतिपूर्ति राशि का निर्धारण हो सके। प्रतिपूर्ति राशि का पुनः निर्धारण सन 2011 से अब तक नहीं हुआ है।

# आदिम जाति सेवा सहकारी समिति का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड़

बीजापुर जिले के सुदूर अंचल में सहकारिता के विस्तार की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया। ग्राम कोगेंपल्ली में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित का लोकार्पण किया गया। इस नई समिति के अस्तित्व में आने से क्षेत्र के किसानों को खाद, बीज और ऋण के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। इस समिति के अंतर्गत कुल 10 आश्रित ग्रामों को जोड़ा गया है, जिनमें कोगेंपल्ली लैम्प्स कार्यालय, मिनकापल्ली, कोमटपल्ली, कोतापल्ली, लोदेड़, पामगल, भेजपल्ली, उस्कलिड, गिल्लगिच्चा, मरीमिल्ला है। यह समिति कुल 4 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों की सेवा करेगी।

■ गांवों के किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा फीता काटकर एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। वक्ताओं ने कहा कि इस समिति के माध्यम से ग्रामीणों को खाद-बीज, कृषि ऋण और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे और आसानी से मिल सकेगा। इससे न केवल कृषि कार्य में मजबूती आएगी, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक स्थिति में भी बड़ा सुधार होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागीय अधिकारियों और



कर्मचारियों की मुख्य भूमिका रही। इस अवसर पर छोटेलाल यादव नोडल, जेके पटेल जेसकेबी, हेमंत सलाम नोडल, भोला मरकाम कृषि विभाग, लम्बार्डी गोपाल बाबू, मुदस्सर खान ऑपरेटर, बालदेव किशोर संल., जी. प्रसाद मैनेजर और के. श्रीनिवास लेखापाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख और ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी उपस्थित ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया और किसानों से अपील की कि वे समिति की सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।




## खबर संक्षेप

### वन सुरक्षा समिति की राशि में 3 लाख की गड़बड़ी

**मद्देड़।** भोपालपटनम ब्लॉक के ग्राम पंचायत अगमपल्ली में वन सुरक्षा समिति की राशि के गबन का मामला सामने आया है। इस संबंध में समिति के सदस्यों ने कलेक्टर को लिखित शिकायत पत्र सौंपकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पत्र के अनुसार ग्राम धनगोल की वन सुरक्षा समिति में जमा राशि का उपयोग समिति के अध्यक्ष कुडेम गणपत एवं वनरक्षक मट्टी नागेश द्वारा बिना किसी कार्य कराए और समिति के अन्य सदस्यों की सहमति के बिना कर लिया गया है। आरोप है कि लगभग 3 लाख की राशि का आहरण कर गबन किया गया है। समिति के सदस्यों ने इस मामले को गंभीर बताते कलेक्टर से जांच कराने तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए राशि की वसूली करने की मांग की है।

### आमजन की सुविधा के लिए लगाया शिविर



**गीदम।** नगर पंचायत गीदम के वार्ड क्रमांक 9 में आमजन की सुविधा एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक वृहद मेगा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में वार्ड क्रमांक 8, 9 एवं 10 के बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने भाग लेकर विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। एक ही स्थान पर विभिन्न आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देते हुए शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया, जिसमें लगभग 130 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। उक्त शिविर में प्रमुख रूप से नगर पंचायत गीदम के अध्यक्ष रजनीश सुराना, सांसद प्रतिनिधि नवीन विश्वकर्मा, श्याम ठाकुर, नरगिस अंसारी अल्पसंख्यक मोर्चा, पार्षद सूरज सिंह ठाकुर, श्रीकांत राव, सगीर बख्श, शोयब, डॉ. अतीक अंसारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### उरांव समाज का प्रदर्शन आकर्षण का बना केंद्र



**बीजापुर।** सर्व समाज ने जिले में अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यक्रमों का आयोजन किया। अपने गांवों व विकासखण्ड मुख्यालय में अंबेडकर जयंती मनाने के पश्चात लोग जिला मुख्यालय के कार्यक्रम में उपस्थित हुये। अतिथि विधायक विक्रम मण्डावी एवं पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, नगर पालिका उपाध्यक्ष भुवन सिंह सहित पार्षदगण के साथ रैली निकाल कर नया बस स्टैण्ड स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्वलित किया गया। इस दौरान कुडुक उरांव समाज ने अपनी सांस्कृतिक कला का प्रदर्शन करते हुये बाबा साहेब पर आधारित लोकगीत गाते व नृत्य करते हुये अतिथियों को स्टेचु तक लाये वा वापस मंच तक ले गये। सभी उरांव समाज की महिलाएं नीले कलर का परिधान पहनी थी कला का प्रदर्शन सबके आकर्षण का केंद्र बना।

### चुनावः रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने नगर पंचायत पखांजूर एवं नगर पंचायत चारामा में उप निर्वाचन को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किए हैं। जारी आदेशानुसार नगर पंचायत पखांजूर के वार्ड क्रमांक-09 में पार्षद पद के निर्वाचन के लिए एसडीएम पखांजूर को रिटर्निंग ऑफिसर एवं तहसीलदार तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी पखांजूर को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर और नगर पंचायत चारामा के वार्ड क्रमांक 13 में पार्षद के निर्वाचन के लिए एसडीएम चारामा को रिटर्निंग ऑफिसर तथा तहसीलदार एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी चारामा को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।